.

प्रेस विज्ञप्ति / Press Release **19 नवंबर / November, 2020**

सिडबी और डीपीआईआईटी द्वारा नेशनल स्टार्टअप अवार्ड्स के विजेताओं के लिए ऑनलाइन पिचिंग इवेंट का आयोजन करके स्टार्टअप के लिए फंडिंग की सुविधा

SIDBI and DPIIT facilitate funding for startups by organising Online Pitching Event for finalists of National Startup Awards

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी), वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने हाल ही में 6 अक्टूबर, 2020 को पहली बार राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की थी। इन पुरस्कारों ने नवोन्मेष स्टार्टअप उत्पादों या समाधानों का निर्माण करने वाले उत्कृष्ट स्टार्टअप्स और पारिस्थितिकी तंत्र के समर्थकों को मान्यता दी है जो मापनीय उद्यमों, उच्च रोजगार सृजन या धन सृजन की क्षमता के साथ, समाज में प्रभाव डालते हैं। पुरस्कारों ने न केवल निवेशकों के लिए वित्तीय लाभ से, बल्कि सामाजिक भलाई के लिए भी एक स्टार्टअप की सफलता को आँका है।

Department for Promotion of Industry and Internal Trade (DPIIT), Ministry of Commerce and Industries had recently announced the winners of first ever National Startup Awards on October 6, 2020. These awards have recognized outstanding startups and ecosystem enablers that are building innovative products or solutions and scalable enterprises, with high potential of employment generation or wealth creation, demonstrating measurable social impact. The awards measured the success of a startup not only by the financial gains for investors but also by the contribution to the social good.

उपरोक्त पहल को जारी रखते हुए, सिडबी, डीपीआईआईटी के साथ विजेता स्टार्टअप सहित नेशनल स्टार्टअप अवार्ड्स के लिए अंतिम में चुने गए सभी स्टार्टअप के लिए ऑनलाइन पिचिंग इवेंट की एक श्रृंखला आयोजित कर रहा है। पिचिंग इवेंट्स, इन होनहार स्टार्टअप्स को वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के लिए अपने विचारों और दृष्टि को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

In continuation of the above initiative, SIDBI, along with DPIIT, is organizing a series of Online Pitching Event for all the Startups selected for the National Startup Awards, including finalists. The pitching events would be providing a platform to these promising startups for sharing their ideas and vision to the Alternative Investment Funds (AIFs).

इनमें से पहला आयोजन 19 नवंबर, 2020 को पूर्ण सत्र से पहले आयोजित किया गया था। यह पूर्ण सत्र, डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव श्री अनिल अग्रवाल की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ और इसमें डीपीआईआईटी व सिडबी के वरिष्ठ अधिकारियों और एआईएफ के 77 शीर्ष अधिकारियों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार के फाइनल में पहुंचने वाले 190 से अधिक प्रतिस्पर्द्धी शामिल थे।

The first of these events was held on November 19, 2020 preceded by a plenary session. The plenary session was graced by Shri Anil Agrawal, Joint Secretary, DPIIT and attended by senior officials of DPIIT & SIDBI, top officials of 77 AIFs as well as over 190 finalists of National Startup Awards.

अपने आधार व्याख्यान में श्री अग्रवाल ने कहा कि नेशनल स्टार्टअप अवार्ड्स के लिए चुने गए स्टार्टअप्स, जिसमें फाइनल में पहुँचने वाले स्टार्टअप भी शामिल हैं, स्क्रीनिंग और मूल्यांकन की एक मजबूत प्रक्रिया से गुजरे हैं और इस प्रकार एआईएफ के पास मिलकर कार्य करने के लिए उम्मीदवारों का एक बेहतरीन समूह मौजूद है। एआईएफ और स्टार्टअप्स के फलदायक और सुदीर्घ सम्बन्धों की कामना करते हुए, श्री अग्रवाल ने उल्लेख किया कि सरकार स्टार्टअप इंडिया मिशन के विभिन्न चक्रो के तहत स्टार्टअप्स की संवृद्धि विषयक आकांक्षाओं को पूरा करना जारी रखेगी।

In his keynote address, Shri Agrawal said that the Startups selected for the National Startup Awards, including finalists, had gone through a robust process of screening and evaluation and as such present an enviable set of candidates for AIFs to engage with. While wishing AIFs and startups a fruitful and long-lasting relationship, Shri Agrawal mentioned that Government would continue to facilitate the startups' growth aspirations under various tracks of Startup India Mission.

सिडबी के उप प्रबंध निदेशक, श्री मनोज मित्तल ने भारत सरकार की 'निधियों की निधि योजना' के कार्यान्वयन में परिचालनगत उत्कृष्टता प्राप्त करने में सिडबी के प्रयासों पर प्रकाश डाला। स्टार्टअप पारितंत्र के आपूर्ति पक्ष और मांग पक्ष दोनों पर सरकार की ओर से दिए गए अनुसमर्थन को देखते हुए, उन्होंने सरकार / अन्य निवेशकों द्वारा उपलब्ध कराई गई पूंजी की आपूर्ति को आगे बढ़ाने के लिए मध्यवर्तियों की पर्याप्त संख्या की जरूरत पर जोर दिया।

Shri Manoj Mittal, DMD, SIDBI, highlighted SIDBI's efforts in achieving operational excellence in implementing Fund of Funds Scheme of Govt of India. Given the push from Government on both

supply side and demand side of Startup eco system, he stressed the need of enough no. of intermediaries to supply capital made available by the Government/other investors.

सिड्बी के बारे में: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. To know more, check out: https://www.sidbi.in